# मुख्यमंत्री ने सुनीं गुरिल्ला स्वयंसेवकों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने बुधवार को सचिवालय में एस.एस.बी. से प्रशिक्षित राज्य के गुरिल्ला स्वयंसेवकों की समस्याओं को सुना। विभिन्न जनपदों से गुरिल्ला स्वयंसेवक वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयंसेवकों को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि गुरिल्ला स्वयंसेवकों की जिन समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकता है, वे किये जाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से भी गुरिल्ला प्रशिक्षकों के लिए मदद के लिए प्रस्ताव भेजकर अनुरोध किया जायेगा।



मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, निजी सुरक्षा एजेंसियों में सुरक्षा कर्मी, होमगार्ड में प्रशिक्षक, फॉरेस्ट फायर वॉचर, पुलिस विभाग के अन्तर्गत ग्राम चौकीदार, लोक निर्माण विभाग में विभिन्न कार्यों, वन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों में गुरिल्ला स्वयं सेवकों की सेवाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है, इस दिशा में ध्यान दिया जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देश दिये कि संबंधित विभागों द्वारा राज्य के प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने और उनके प्रशिक्षण का लाभ राज्य को भी मिल सके, इस दिशा में जो भी कार्यवाही की जा सकती है, इसके अनुपालन में समय-समय पर बैठक ली जाए।
बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, कमांडेंट जनरल होमगार्ड केवल खुराना, डीआईजी/ अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, अपर सचिव विनीत कुमार, ललित मोहन रयाल, अत्तर सिंह, संबंधित विभागीय अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से एस.एस.बी. द्वारा प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# ज्वेलर की दुकान में लाखों की चोरी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सेलाकुई क्षेत्र में बीती रात बदमाशों ने ज्वेलरी शाप में गैस कटर की मदद से लाखों के आभूषण चोरी की घटना की। इसका पता बुधवार की सुबह तब चला जब सुबह दुकान में फोन का चार्जर लेने गए दुकान मालिक पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों की तलाश शुरू कर दी।बुधवार की प्रातःकाल सेलाकुई चौक स्थित दिनेश ज्वेलर्स के संचालक मयंक सिंधी अपने फोन का चार्जर लेने के लिए अपनी ज्वेलरी शॉप में पहुंचे। दुकान के बाहर तीसरे फ्लोर तक जाती हुई एक रस्सी लटक रही थी। जब उन्होंने दुकान का शटर खोला तो अंदर का नजारा देख वह हैरान रह गये। अन्दर सारा सामान बिखरा पड़ा था, तिजोरियों में बड़े छेद हो रखे थे। वहीं दुकान में रखी सोने-चांदी की लाखों की ज्वेलरी गायब थी।
दुकान संचालक की सूचना पर सेलाकुई थाना प्रभारी शैंकी कुमार



टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके से पुलिस को एक बड़ा, एक छोटा सिलेंडर, गैस कटर, सबल और हथोड़ा मिला है। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश सबसे पहले तीसरी फ्लोर की सेक्शन विंडो का शीशा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। उसके बाद एक के बाद एक तीन दरवाजे काटकर नीचे दुकान तक पहुंचे। चोरों ने दुकान का पीछे का हिस्सा और रेस्ट रूम सब्बल और हथौड़े से तोड़ा। दुकान की तिजोरियों में गैस कटर से छेद कर ज्वेलरी निकाली। डिस्प्ले काउंटर में रखी ज्वेलरी भी बदमाश ले गये। उन्होंने बताया कि चोरों ने पहले ही सीसीटीवी कैमरे की तार काट दी थी और जाते समय डीवीआर भी लेकर चले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठित कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### हल्द्वानी विधायक से मिला गौला खनन उत्थान समिति का शिष्टमण्डल

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
गौला खनन उत्थान समिति के शिष्टमण्डल ने बुधवार को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश से उनके आवास पर मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गौला खनन निजीकरण से वे बबार्दी की कगार पर आ गए हैं।
शिष्टमण्डल ने विधायक सुमित से कहा कि जब वे निजीकरण को लेकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज करते हैं तो उनको मुकदमे की धमकी दे कर उनका धरना तुड़वा दिया जाता है। उनकी समस्या सुनकर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने तुरंत एसडीएम परितोष वर्मा से फोन पर वार्ता कर उनके निराकरण के लिए उन्हें निर्देशित किया।
विधायक सुमित ने कहा कि वे किसी भी हालत में गौला खनन को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे क्योंकि गौला से लाखों लोगों की रोजी रोटी जुड़ी हैं और सरकार इनकी रोजी रोटी छीनने का कार्य कर रही है। उन्होंने गौला खनन उत्थान समिति के अध्यक्ष रमेश जोशी को भरोसा दिया कि उनकी इस लड़ाई में वे सड़क से लेकर सदन तक उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं।
इस दौरान गौला खनन उत्थान समिति के अध्यक्ष रमेश जोशी म, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, जीवन बगड़वाल, मनोज सिंह बिष्ट, पंकज दानू, रमेश कांडपाल, इंदर सिंह नयाल, राजू चौबे, नरेंद्र राणा, सुरजीत सिंह, नफीस चौधरी, विजय बिष्ट, जगदीश उन्याल, धीरेन्द्र मेहरा, करन अधिकारी, तारा सिंह कोरंगा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शहरी मंत्री प्रेमचंद ने मंसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

**-ऋषिकेश में पार्किंग की डीपीआर बनाए जाने के दिए निर्देश**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने मंसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर ऋषिकेश में पार्किंग आदि के सम्बंध में वार्ता की। इस दौरान जल्द पार्किंग की डीपीआर बनाने के निर्देश दिए।
मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश में पार्किंग समस्या का निदान करना हमेशा उनकी प्राथमिकता में रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऋषिकेश में पार्किंग का जल्द निर्माण कराने के लिए जल्द डीपीआर बनाए, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके।
इसके बाद डॉ अग्रवाल ने निर्देश दिए कि रायवाला से ऋषिकेश बाजार की ओर फसाड़ योजना से कार्य किया जाए, जिससे नगर का सौंदर्यीकरण किया जा सके। डॉ अग्रवाल ने यह भी निर्देश दिये कि हाईवे में डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण के लिए रंगाई और पौधे लगाए जाएं।
इस मौके पर उपाध्यक्ष वंशीधर तिवारी, सचिव मोहन सिंह बर्निया उपस्थित रहे।

# ई रिक्शा चोरी का आरोपित दबोचा, ई रिक्शा बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने ई रिक्शा चोरी के आरोपित को गिरफ्तार करते हुए चोरी का ई रिक्शा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
इंदिरा विहार कॉलोनी सुनहरा रोड रुड़की कोतवाली गंगनहर निवासी विक्रम सिंह पुत्र स्व. बृजमोहन ने 26 सितम्बर को अपनी ई रिक्शा चोरी होने संबंध में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।
पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए छछरौली थाना मोरना मुज्जफरनगर यूपी से आरोपित को चोरी की ई रिक्शा के साथ



गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम 39 वर्षीय रवि वर्मा उर्फ सोनू पुत्र स्व. सतपाल निवासी पुरानी तहसील नकली चाय वाली गली रुड़की कोतवाली गंगनहर, हरिद्वार हाल निवासी ग्राम छछरौली थाना मोरना जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया।

# एसएमजेएन के छात्र कर रहे हैं महाविद्यालय को गौरवान्वित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार ने श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथॉल अन्तर्महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एसएमजेएन कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए और महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।
इस बाबत कालेज के मुख्य खेलकूद अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह तोमर ने बताया कि महाविद्यालय के समस्त विजयी और प्रतिभागियों छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज ने पुरस्कृत किया।
प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री



महन्त रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि खेलों और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता तभी अर्जित की जा सकती है।
उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एसएमजेएन के छात्र अपने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।
प्राचार्य डॉ. सुनील बत्रा ने समस्त विजयी एवं समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्रा को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की तथा मुख्य खेलकूद अधीक्षक प्रो. तेजवीर सिंह तोमर, खेलकूद अधीक्षक डॉ. सुषमा नयाल, खेलकूद अधीक्षक मनोज मलिक, रंजीता व मधुर अनेजा को धन्यवाद प्रेषित किया।
मुख्य खेलकूद अधीक्षक प्रो. तेजवीर सिंह तोमर ने बताया कि भाला फेंक प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम स्थान, 100 मीटर दौड़ में कीर्ति ने तृतीय स्थान, त्रिकूद में पूजा ने द्वितीय स्थान व नेहा असनवाल ने तृतीय, ओजस कोठारी ने लम्बी कूद में प्रथम स्थान, उंची कूद में ओजस कोठारी ने द्वितीय स्थान, गोला फेंक में पार्थ शर्मा ने द्वितीय तथा हेमर थ्रो में अमन ने तृतीय स्थान कर कॉलेज व जनपद को गौरवान्वित किया है।

# पशु तस्करों को किया गिरफ्तार, गौवंश बरामद

**मुकदमा दर्ज**

**8 पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने गौवंश की तस्करी करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो गौवंश बरामद करने के साथ तस्करी में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन को भी सीज किया है।
लक्सर पुलिस को छोटा हाथी वाहन से गौवंश तस्करी किए जाने



की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के मखियाली अड्डे के पास से 02 व्यक्तियों को छोटा हाथी वाहन में क्रूरतापूर्वक एक गौवंश को ले जाते हुए दबोच लिया।
पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पकड़े गए आरोपितों के नाम मोनू पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम डौसनी लक्सर व फरोज पुत्र कासिम निवासी ग्राम जैनपुर लक्सर बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## सर्वोदय मंडल ने महात्मा गांधी को किया याद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सर्वोदय मंडल द्वारा बुधवार को गांधी पार्क में महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया।
सर्वोदय मंडल के सदस्यों के बीच में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी हरवीर सिंह कुशवाहा ने महात्मा गांधी की चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ऐसे भारतीय हैं, जिनकी पूरे विश्व में मूर्तियां हैं और कहीं न कहं महात्मा गांधी के दैदीप्यमान चेहरे पर सूरज चमकता रहता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश को अहिंसा आंदोलन जैसा हथियार दिया, जिसके माध्यम से विश्व में भारत की धाम जमी।

# घटिया निर्माण-अनुरक्षण कार्य से जुड़े ठेकेदारों, आपूर्तिकताओं से होगी भरपाई: अजेंद्र अजय

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति की धर्मशालाओं- विश्रामगृहों, मंदिरों में यात्रा वर्ष-2023 में हुए निर्माण-अनुरक्षण कार्यों और विश्राम गृहों में सामान आपूर्ति की गुणवत्ता जांच हेतु बनी उप समिति ने अपनी रिपोर्ट श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय को सौंप दी है।
बुधवार को बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने जांच रिपोर्ट का संज्ञान लेकर आपूर्तिकताओं और निर्माण एवं अनुरक्षण कार्य से जुड़े संबंधित ठेकेदारों से दो सप्ताह के अंदर मानकों के अनुरूप पुनः कार्य संपादित करने के निर्देश दिये हैं। तब तक संबंधित ठेकेदारों और फर्मो के बिल भुगतान को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है।
इस संबंध में मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने मंदिर समिति अधिशासी अभियंता और लेखा विभाग को आदेश जारी किये हैं। साथ ही मानकों के अनुरूप कार्य किये जाने संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने एवं भविष्य में भी मानकों के अनुरूप कार्य की अपेक्षा की गयी है।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी ने बताया कि श्री बदरीनाथ-



केदारनाथ मंदिर समिति के विश्राम गृहों में चार धाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विश्राम गृहों के रख-रखाव हेतु मरम्मत-निर्माण कार्यों तथा सामान सप्लाई निविदा में तय मानकों पर संबंधित कार्य के निर्देश हुए थे। सामान की सप्लाई तथा निर्माण अनुरक्षण कार्यों में कई शिकायतें आ रही थीं।
इस पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर माह सितंबर 2023 में बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच उप समिति का गठन किया गया। सभी निर्माण कार्यों और आपूर्ति सामान की गुणवत्ता की जांच के बाद इसी माह जांच रिपोर्ट सौंपी गयी है।

# संसद की मर्यादा को तार-तार कर रहा विपक्ष : शाहनवाज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने दरगाह साबिर पाक में चादर पेश कर देश में अमनो-अमान की दुआ मांगी। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।
बुधवार को पिरान कलियर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वह अक्सर दरगाह साबिर पाक में हाजिरी पेश करने आते रहते हैं। संसद में विपक्ष के किए जा रहे हंगामे पर उन्होंने कहा कि विपक्ष संसद की मयार्दा को तार-तार करने का काम कर रहा है। उप राष्ट्रपति



का मजाक उड़ाया जा रहा है और राहुल गांधी उसका वीडियो बना रहे हैं, जो संसदीय परंपरा और मयार्दाओं के विपरीत है।
उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में हमने तीन राज्यों में जीत दर्ज की है, जिससे विपक्ष हताश, निराश होकर इस प्रकार से रिएक्ट कर रहा है, लेकिन इससे कुछ होने वाला नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतकर नरेन्द्र मोदी एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।
इस अवसर पर ओमप्रकाश जमदग्नि, राकेश गुप्ता, बहरोज आलम, इसरार अल्वी, राव अमरीन, मुनव्वर अली, राव नदीम, राव सिकंदर, इंतखाब आलम आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजकों को किया सम्मानित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
सांगठनिक जिला ऋषिकेश के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ' बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधानसभा संयोजक मनोज ध्यानी और उनके सहयोगी संयोजकों का सफल एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सम्मान किया गया। जैसा की मोदी सरकार के विकसित भारत संकल्प यात्रा का ऋषिकेश विधानसभा में बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 16 कार्यक्रम ग्रामीण में एवं चार कार्यक्रम शहरी क्षेत्र में आयोजित किए गए। इन सभी




कार्यक्रमों के लिए संगठन की ओर से संयोजक नियुक्त किए गए थे। जिला उपाध्यक्ष मनोज ध्यानी को विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया था। साथ ही पूरे ऋषिकेश जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्र एवं मंडलों में संयोजक नियुक्त किए गए थे, जिन्होंने पूर्ण जिम्मेदारी के साथ इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया। सभी संयोजकों को जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा एवं जिला सह प्रभारी नलिन भट्ट ने पुष्पमाला पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।
इस उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष राणा ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है, कि किसी भी कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम करने वाले कार्यकताओं का सम्मान किया जाए ' इससे उनके मनोबल में बढ़ोतरी होगी नई ऊर्जा का संचार होगा और आने वाले लोकसभा के चुनाव में वह पूरी शक्ति और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे '
इस अवसर पर जिला सह प्रभारी नलिन भट्ट मंडल अध्यक्ष सुमित पवार ,सुरेंद्र सिंह ,गणेश रावत, दिनेश पयाल, जिला मीडिया प्रभारी नीलम चमोली, रीना रागढ़, राजेश जुगलान, सागर गिरी, निर्मला उनियाल, सतपाल राणा आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल सेल्स प्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मेडिकल सेल्स प्रतिनिधियों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सेल्स प्रतिनिधि संगठन के सचिव सुमित त्यागी ने कहा कि ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित हड़ताल के दौरान कर्मचारी बिक्री संवर्धन कर्मचारी सेवा की शर्त अधिनियम 1976 की रक्षा किए जाने, बिक्री संवर्धन कर्मचारियों के लिए वैधानिक कार्य नियम बनाए जाने, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगे सभी प्रकार के प्रतिबंध हटाए जाने के साथ, उनके काम का अधिकार सुनिश्चित किए जाने, चिकित्सा



उपकरणों की कीमत कम किए जाने और जीएसटी हटाए जाने के साथ डाटा की गोपनीयता को सुरक्षित रखे जाने की मांग की गई है।
त्यागी ने कहा कि कंपनियों से भी उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की है कि वह प्रतिनिधियों का शोषण किया जाना बंद करें। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से सचिव सुमित त्यागी, कोषाध्यक्ष पवन मानकतला, सहसचिव मनीष डबराल के अतिरिक्त योगेंद्र शर्मा, सुमित शर्मा, गौरव सकलानी, पंकज सेमवाल, अतुल भटनागर, गौरव सकलानी, देवपाल राणा, रवित त्यागी, मोहम्मद शानू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राज्य गठन के बाद खेलों का तेजी से हुआ विकास : विधायक कौशिक

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं नगर विधायक मदन कौशिक ने बुधवार को 40वीं वाहिनी पीएसी प्रांगण में खेल महाकुम्भ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का गुब्बारे हवा में छोड़कर और मशाल प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।
पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बनने के बाद यहां तेजी से खेलों के विकास पर पूरा ध्यान दिया गया। सभी प्रकार के खेलों के विकास के लिये आधारभूत ढांचा तैयार किया गया, उसी का परिणाम है की आज कई खेल प्रतिभायें जनपद व राज्य का नाम भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में रोशन कर रही हैं।
उन्होंने कहा कि राज्य में खेल



और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये नई खेल नीति लाई गयी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी, स्पोर्ट्स कालेज, खेल छात्रावास के खिलाड़ियों के खेल किट तथा खेल छात्रावासों के खिलाड़ियों के दैनिक भत्ते की राशि में वृद्धि की गयी है।
मदन कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने खेलो इण्डिया के तहत खेलों को गांव तक पहुंचाकर पूरे भारत को खेलों से जोड़ दिया है, जिसकी वजह से आज सुदूर गांवों के बच्चे भी पदक तालिका में अपना स्थान बना रहे हैं।
नगर विधायक ने इस मौके पर उत्तराखण्ड के समस्त जिलों के विभिन्न स्कूल, कालेजों से यहां पहुंचे खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत शानदार मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर मताधिकार तथा खेल शपथ भी उपस्थित खिलाड़ियों तथा जनसमूह को दिलाई।
कार्यक्रम को जिला युवा कल्याण एवं पीआरडी अधिकारी पीसी पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि जनपद में खेल महाकुम्भ-2023 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के तहत एथलेटिक्स, टेबिल टेनिस, खो-खो, कबड्डी, बॉक्सिंग, हैण्डबॉल, हॉकी, वालीबॉल की प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी, जिसमें आठ हजार बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं, जिसके अन्तर्गत 14 जनवरी तक इन 8 विधाओं में प्लेयर फर्स्ट के रूप में इनका आयोजन किया जायेगा।
मदन कौशिक तथा अतिथियों का 40वीं पीएसी वाहिनी पहुंचने पर पुष्पगुच्छ तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद मिश्रा ने किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दीपेन्द्र सिंह नेगी, बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल गर्ग, ओलम्पियन मनीष रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुश्री शबाली गुरूंग, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा, सहायक क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार, व्यायाम प्रशिक्षक मुकेश भट्ट, निर्णायक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों को ठंड से बचाने लिये निःशुल्क कंबल वितरण, अलाव जलाने के निर्देश

**धनराशि आवंटित**

**8 कम्बल वितरित किये जाने हेतु समस्त तहसीलों को सुसंगत मद में पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है।**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला प्रशासन ने शीतकाल में ठंड, शीतलहर से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए जाने, रैन बसेरों का संचालन, निःशुल्क कम्बल वितरण करने के लिए तैयारी पूरी कर ली है।
इसी क्रम में अपर जिला अधिकारी फिंचा राम चौहान ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए जाने एवं निराश्रित, गरीब व असहाय व्यक्तियों को निःशुल्क कम्बल वितरित किये जाने हेतु समस्त तहसीलों को सुसंगत मद में पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है।
जिसमें शीतलहर-ठंड से बचाव हेतु नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक अलाव स्थलों की पर्याप्त संख्या रखते हुए समुचित मात्रा में लकड़ी की व्यवस्था कर समुचित समयावधि में अलाव जलाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि बस स्टेशनों सहित कुछ सार्वजनिक स्थानों पर सूर्योदय से पूर्व भी लोगों, यात्रियों, गाड़ियों के आवागमन के दृष्टिगत सूर्योदय पूर्व भी अलाव जलाए जाएंगे। इसके लिये वन निगम एवं स्थानीय लकड़ी टाल को अलावों हेतु पर्याप्त सूखी लकड़ी का भंडारण करने तथा अलावों में जलाई जा रही लकड़ी का क्रय उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार करने के निर्देश दिये हैं।
इसके अलावा गांधी आश्रम जैसे उपक्रमों, संस्थानों से कंबल क्रय करने तथा राजस्व कार्मिकों के माध्यम से गरीब, असहाय एवं निराश्रित व्यक्तियों की सूची तैयार करते हुए पात्र व्यक्तियों को ही क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों का नियमित भ्रमण करते हुए कम्बल वितरित करने एवं इसकी फोटोग्राफी भी करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा निजी संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों को भी निःशुल्क कम्बल वितरण हेतु प्रेरित करने को भी कहा गया है।
साथ ही परगनाधिकारी एवं तहसीलदारों को ठंड, कोहरे के दौरान रात्रि गश्त करते हुए खुले में ठहरने, सोने वाले व्यक्तियों को रैन बसेरों में ले जाने और रैन बसेरों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं पर्याप्त बिस्तर के साथ-साथ हीटर आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये गये हैं।

# कार्यशाला में साइबर अपराधों के प्रति पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम के लिए आज साइबर क्राइम और स्थानीय पुलिस ने थाना पिरान कलियर क्षेत्रान्तर्गत धनोरी डिग्री कॉलेज व इंटर कॉलेज में सामूहिक रूप से विद्यार्थियों को साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी।
कार्यशाला में छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए गए। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर क्राइम सेल हरिद्वार से कांस्टेबल शक्ति सिंह व कांस्टेबल योगेंद्र सिंह ने तथा थाना पिरान कलियर से उप निरीक्षक महिपाल



सिंह व कांस्टेबल अमित कुमार ने सुझाव दिए गए। इस दौरान छात्राओं की जिज्ञासाओं को भी सही प्रकार से उनके जवाब देकर संतुष्ट किया गया। इससे पूर्व कालेज पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया गया।

## ज्योलीकोट में जन समस्याओं के निस्तारण के लिये शिविर

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में न्याय पंचायत ज्योलीकोट में 21 दिसम्बर गुरुवार को प्रातः 11 बजे से एसडीएम व डीडीओ साप्ताहिक भ्रमण कैम्प के माध्यम से जन-समस्याओं का निस्तारण करेंगे।
अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान ने बताया कि इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा तहसील के समस्त कार्य, खतौनी की सत्यापित प्रति, आधार कार्ड बनाने के साथ उत्तराधिकार के प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

# 2024-25 के बजट के लिए 10 जनवरी तक दे सकते हैं सुझाव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्य के वर्ष 2024-25 के बजट के लिए जनता के सुझाव मांगे हैं। जो 10 जनवरी 2024 तक बजट की वेबसाइट, ई-मेल के साथ ही व्हाट्स एप नंबर पर भी भेजा जा सकता है। वित्त मंत्री कहा कि राज्य का बजट जनता का बजट होगा। जो जनता के द्वारा, जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाएगा।
वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारियां प्रारम्भ कर दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि इस



वर्ष भी हमने बजट निर्माण में कुछ सुधार प्रारम्भ किये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक संस्थाओं में कार्यरत मानव संसाधन की सटीक जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किये हैं। पहली बार विभागाध्यक्ष के स्तर पर आईएफएमएस पोर्टल पर स्वीकृत व कार्यरत पदों का पूर्ण विवरण भरने के उपरान्त ही बजट की मांग करने का प्रावधान किया गया है।
मंत्री ने बताया कि सचिव स्तर पर विभाग में संचालित योजनाओं के लिए जेंडर बजट का प्रावधान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।
उन्होंने बताया कि बजट निर्माण में जनता की सहभागिता के लिए पिछले वर्ष में प्राप्त सुझाव का संज्ञान लेने के लिए सभी सचिवों को निर्देशित भी किया गया है।डा. अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष के लिए भी जनता के सुझाव आमंत्रित किये गये हैं, जो कि आगामी 10 जनवरी, 2024 तक बजट (https:udget.uk.gov.in/feedback) और व्हाट्सअप मोबाइल नं. (9520820683) पर प्रेषित किये जा सकते हैं।
उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त बजट पूर्व संवाद किये जाने की कार्य योजना भी गतिमान है। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों में विभिन्न हितधारकों (कृषक भाई-बहन, व्यापारी बंधु, उद्योगपति, पर्यटन व परिवहन से जुड़े उद्यमी आदि) के साथ संवाद किया जाता रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### शत्रु संपत्ति खुर्द बुर्द नहीं होने दूंगा : इस्लामुद्दीन अंसारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शत्रु संपत्ति प्रकरण में प्रशासन ने बुधवार को इस मामले में 120 बी, 419, 420, 467, 468 और 471 छह धाराएं और जोड़ दींगई। डालनवाला थाने ने देर रात यह धाराएं जोड़ी गई हैं।
शिकायतकर्ता वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रदीप नेगी इस प्रकरण जांच कर रहे हैं। इस मामले में जिन लोगों के विरुद्ध धाराएं लगाई गई हैं, उनमें भगवती प्रसाद उनियाल, शाहिद, खालिद, मोहम्मद आरिफ खान शामली उत्तर प्रदेश के नाम शामिल हैं। इस संदर्भ में बुधवार को भाजपा नेता इस्लामुद्दीन अंसारी ने कहा कि वह शत्रु संपत्ति को खुर्द बुर्द नहीं होने देंगे।
उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी देहरादून द्वारा शत्रु सम्पत्ति संख्या 15 बी काबुल हाउस ईसी रोड में गत दिनों सरकार बनाम भगवती प्रसाद आदि के प्रकरण को निस्तारित कर दिया था। ईसी रोड करनपुर पुलिस चौकी के पीछे वाली भूमि जो काफी समय पूर्व काबुल के अमीर राजा याकूब की सम्पत्ति थी। 1876 के रिकार्ड के अनुसार उनको ब्रिटिश सरकार की ओर से दी गई थी। याकूब के बाद उनके पुत्र सरदार मोहम्मद आजम खान, सरदार सुल्तान अहमद खान और अली खान के नाम से दर्ज हुई। 1947 में यह लोग पाकिस्तान चले गए और फिर यह सम्पत्ति शत्रु सम्पत्ति घोषित की गई।
वर्ष 2000 में शाहिद और खालिद पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी ढोलीखाल सहारनपुर ने इस भूमि को अपने नाम अंकित कराया और भूमि की पावर ऑफ अटार्नी आरिफ खान पुत्र शफात खान शामली को दे दी। 15 जून 2007 को इस भूमि पर विवाद हुआ और कब्जा धारियों की याचिका उच्च न्यायालय ने निस्तारित करते हुए जिलाधिकारी देहरादून के पास अपना पक्ष रखने के लिए निर्देशित किया। साथ ही साथ सम्पत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। मोहम्मद आरिफ खान, भगवती प्रसाद उनियाल आदि ने तहसील सदर के कर्मचारियों अधिकारियों की मिलीभगत से कूटरचित प्रमाणों के माध्यम से इस पर कब्जा कर लिया और 30 लोगों को 2017 में बेच दिया। 2018 में भाजपा के वरिष्ठ नेता इस्लामुद्दीन अंसारी ने इस संपत्ति के खुर्दबुर्द किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की और तहसीलदार सदर ने 2019 में प्रकरण की सुनवाई के लिए जिलाधिकारी न्यायालय भेजा। जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा एडीएम को प्रकरण स्थानन्तरित किया गया, जिन्होंने शाहिद और खालिद की विरासत समाप्त कर दी। इस तरह से समस्त रजिस्ट्रयां स्वतः निरस्त हो गईं।

# राज्य आंदोलनकारियों को सरकार को याद दिलाया वादा, दी आंदोलन की चेतावनी

**पेंशन**

**8 सभी राज्य आंदोलनकारियों को समान रूप से प्रतिमाह 15,000 सम्मान पेंशन राशि दी जाए**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य आदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण व चिन्हीकरण के विषय पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने बुधवार को जनपद के अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है और सरकार को राज्य आंदोलनकारियों के संबंध में



सरकार के किये गये वादे याद दिलवाते हुए राज्यव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।
ज्ञापन में कहा गया है कि प्रवर समिति की रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिये जाने का एक माह बीत जाने के बाद भी संबंधित विधेयक अभी लंबित हैं। जबकि स्वयं संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में वचन दिया था कि सरकार 15 दिनों के भीतर विशेष सत्र आहूत करके राजा आंदोलनकारियों के आरक्षण का विधेयक पारित करेगी।
यह भी याद दिलाया कि दूसरी ओर राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रकिया भी ठंडे बस्ते में है। और राज्य आंदोलनकारी बुजुर्ग अपने चिन्हीकरण की बाट जोह रहे हैं। लिहाजा उन्होंने मांग की है कि सरकार अपने वचनानुसार शीघ्र ही विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करके राज्य आंदोलनकारी आरक्षण विधेयक को सदन की मंजूरी और राज्यपाल की संस्तुति दिलवाकर इस विधेयक को तत्काल कानूनी जामा पहनाये और साथ ही चिन्हीकरण के लंबित प्रकरणों का भी निस्तारण करें। सभी राज्य आंदोलनकारियों को समान रूप से प्रतिमाह 15,000 रुपये सम्मान पेंशन राशि दी जाए।
ज्ञापन में आंदोलनकारी संयुक्त मंच के गणेश बिष्ट, लक्ष्मी नारायण लोहनी, दीवान कनवाल, हरेंद्र सिंह, चंदन कनवाल, लीला बोरा, पार्वती मेहरा, वीरेंद्र जोशी, महेश जोशी आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## चरस तस्कर को दस साल की कैद, एक लाख जुर्माना

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारी मात्रा में चरस के साथ पकड़े गए व्यक्ति को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अनिरुद्ध भट्ट ने दस वर्ष की कैद तथा एक लाख रुपये जुमार्नें की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता कुशलपाल सिंह चौहान ने बताया कि 31 जनवरी 2017 को कोतवाली लक्सर की रायसी चौकी में तैनात उप निरीक्षक ओमकान्त भूषण पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। भगवानपुर की पुलिया पर पहुंचकर पुलिस को चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति रायसी की तरफ से आता दिखा।

# उच्च शिक्षा सलाहकार से की व्याख्याताओं के मुद्दों पर चर्चा

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ-कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने बुधवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा सलाहकार गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एमएसएम रावत से मुलाकात की।
प्रो.ललित ने उनसे उच्च शिक्षा में कार्यरत संविदा एवं अतिथि व्याख्याताओं-शिक्षकों का वेतन यूजीसी के नियमानुसार 50 हजार रुपये करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार इन्हें 57,700 रुपये दे रही है। इसके अलावा लंबे समय



से काम कर रहे संविदा प्राध्यापकों को तदर्थ नियुक्ति देने सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की। वार्ता में हिमालयन यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी पचौरी भी शामिल रहे।

# कांग्रेस जनता का भरोसा खो चुकी है : विपिन कैंथोला

**तंज**

**8 भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने बुधवार को कांग्रेसी गुटबाजी पर तंज किया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने बुधवार को कांग्रेसी गुटबाजी पर तंज किया। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकताओं और पार्टी जनता का भरोसा पूरी तरह खो चुकी है।
भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने हरीश रावत को कांग्रेसी गुटबाजी का जनक बताते हुए कटाक्ष किया कि विद्रोह के डर से जिस कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश टीम का गठन नहीं किया, अब जिलों में कार्यकर्ता उन्हें ही पहचानने से इंकार कर रहे हैं।
जिला सम्मेलनों को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत, पिथौरागढ़ विधायक का कांग्रेस नेतृत्व पर उठाए सवालों पर विपिन ने इसे कांग्रेस का अंदरूनी मसला और असली सांगठनिक हकीकत बताया। उन्होंने व्यंग किया कि दो वर्ष होने को आए हैं, लेकिन कांग्रेस की प्रदेश टीम का अता पता नहीं है। क्योंकि वे जानते हैं कि जैसे ही प्रदेश पदाधिकारी बनाएंगे वैसे ही कांग्रेसी गुटबाजी का गुब्बारा फूटना तय है। इसलिए एकला चलो और हवा हवाई दावों



से कार्यकताओं में भ्रम फैलाते चलो। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरीश रावत जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी अपनी बात सोशल मीडिया के माध्यम से रखनी पड़ती है ।
वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह गुटबाजी सार्वजनिक होने पर नाराजगी दिखाते हैं तो कोई पूर्व विधायक कहता है कि उन्हें चंपावत सम्मेलन में नहीं बुलाया गया, तो कोई विधायक मंच से ही डेढ़ साल की देरी से जिले में पहुंचने पर सवाल खड़े करता है।उन्होंने व्यंग किया कि आज कांग्रेस के भीतर की गुटबाजी इतनी हो गयी है कि उनके प्रदेश के बड़े नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ता तक एक दूसरे की टांग खिंचाई में लगे रहते हैं। उनकी पार्टी के नेता ही अपने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रमों पर तंज कसते नजर आते हैं। गुटबाजी के जनक हरीश रावत भी लगातार गाहे बगाहे गुटीय राजनीति को हवा देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की जनता कांग्रेस को दो बार आईना दिखा चुकी है और 2024 में फिर से उत्तराखंड में भाजपा के जीत की हैट्रिक लगवाने लगाएगी।

# सिलक्यारा हादसे को 38 दिन बीते, नहीं शुरू हुआ कार्य, कंपनी ने कहा-25 से शुरू होगा कार्य

**सिलक्यारा/उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला स्थित यमुनोत्री हाइवे पर निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग हादसे को 38 दिनों बीत चुके हैं, लेकिन अभी सुरंग निर्माण कार्य दोबारा से शुरू नहीं हो सका है। हालांकि सुरंग निर्माण कार्य पुनः शुरू होने को लेकर मीडिया में तैर रही खबरों को नवयुगा कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश पंवार ने खारिज किया है।
प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश ने कहा कि सुरंग का दोबारा से निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर अभी तक मंत्रालय की तरफ से कोई आदेश नहीं आया है। कंपनी को इस आदेश का इंतजार है। इस आदेश के आने के बाद दोबारा से सिलक्यारा सुरंग निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा है कि टनल के अंदर मलबा आने के बाद अंदर



पानी इकट्ठा हो चुका है, उसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है।
गौरतलब है कि सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में 12 नवंबर की तड़के भूस्खलन होने से 41 मजदूर फंस गए थे। 17 दिनों तक रेस्क्यू अभियान के बाद सभी श्रमिकों को 28 नवम्बर को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन तब से ही सुरंग के निर्माण का काम बंद पड़ा है।
सड़क मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञ जांच समिति ने सिलक्यारा हादसे की जांच करने को टीम मौके पर भी पहुंची थी, लेकिन जांच में रिपोर्ट में का खुलासा नहीं हुआ है।
4.531 किमी लंबी सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग का अब केवल 480 मीटर हिस्सा बचा हुआ है। इस हिस्से के निर्माण के लिए कंपनी ने बड़कोट सिरे से काम शुरू कर दिया है। जांच पूरी होने के बाद सिलक्यारा की ओर वाले सिरे से भी काम शुरू किया जाएगा। बताया जा रहा कि सुरंग का निर्माण नए साल 2024 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**कंपनी 25 दिसम्बर को सिलक्यारा सुरंग के पास करेगी बौखनाग मंदिर के लिए भूमि पूजन-**

25 दिसंबर को सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल के मुंहाने पर नवयुगा इंजीनियरिंग निर्माण कंपनी बाबा बौखनाग के मंदिर के लिए भूमि पूजन करेगा। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश पंवार ने बताया कि बाबा बौखनाग ने मंदिर निर्माण का मुहूर्त 25 दिसंबर सोमवार को दिया है, जिसकी सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं।
गौरतलब है कि सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में 17 दिनों तक दिन -रात चले रेस्क्यू ऑपरेशन में देश-विदेशों के एक्सपर्ट और आधुनिक मशीनरी ने जब जवाब दे रहे थे, तब 26 नवंबर 2023 को बाबा बौखनाग ने कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को वचन दिया था कि 3 दिन के भीतर सभी मजदूरों को सुरंग से सकुशल बाहर निकाल देंगे जो सही साबित हुआ। इस चमत्कार को दुनिया ने माना है। बाबा के इस चमत्कार को भारत देश ने ही नहीं माना बल्कि ऑस्ट्रेलिया से आये टनल एक्सपर्ट प्रोफेसर अर्नोल्ड डिस्क ने भी माना और वे बाबा बौखनाग के चमत्कार के आगे नतमस्तक हो गये थे। रेस्क्यू ऑपरेशन सफल होने के बाद वे राडी टाप के ऊपर स्थित बौख टीपा पर बाबा बौखनाग के दर्शन करने भी एसडीआरएफ की टीम के साथ पहुंचे थे।

